भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-118
सोमवार, 19 जुलाई, 2021/28 आषाढ़, 1943 (शक)

नेशनल करिअर सर्विस

†118. डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडेः
श्री गिरीश भालचन्द्र बापटः
श्री राहुल रमेश शेवालेः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बेहतर अवसरों हेतु सतत् और दीर्घकालिक कदम उठाते हुए सभी युवाओं हेतु रोजगार सृजन में सुधार लाने के प्रति प्रतिबद्ध है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या है;
(ग) युवाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा कितनी नीतियाँ और योजनाएं तैयार की गई है;
(घ) क्या सरकार ने युवाओं की रोजगार और करिअर संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नेशनल करिअर सर्विस (एनसीएस) शुरू की है;
(ङ) यदि हां, तो कोविड-19 और उसके बाद अर्थव्यवस्था के लॉकडाउन के कारण श्रम क्षेत्र में उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने के लिए एनसीएस ने क्या पहलें की है; और
(च) इस संबंध में अब तक कितनी सफलता प्राप्त हुई है?

उत्तर
श्रम और रोजगार मंत्री
(श्री भूपेन्द्र यादव)

(क) से (ग): भारत सरकार ने देश के युवाओं को अपनी क्षमता का भरपूर उपयोग करने हेतु सशक्त बनाने के लिए अनेक नीतियां/योजनाएं बनाई हैं जैसे राष्ट्रीय युवा नीति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता आदि।

रोजगार सृजन को बढ़ाने के लिए, सरकार देश में पर्याप्त निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर रही है और आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) ,प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) जो कि क्रमशः श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण

विकास मंत्रालय, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा संचालित की जा रही हैं, जैसी योजनाओं पर सार्वजनिक व्यय करना।

सरकार द्वारा स्व-रोजगार को सुकर बनाने के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) कार्यान्वित की जा रही है। पीएमएमवाई के अंतर्गत सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का गैर-जमानती ऋण प्रदान किया जाता है।

इन पहलों के अतिरिक्त, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, जीर्णोद्धार एवं शहरी रूपांतरण हेतु अटल मिशन, सभी के लिए आवास, अवसंरचना विकास तथा औद्योगिक गलियारे जैसे सरकार के फ्लैगशीप कार्यक्रमों में उत्पादक रोजगार के अवसर सृजित करने की संभावना है।

(ड.) से (च): मंत्रालय रोजगार तलाश एवं मिलान करने, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना आदि जैसी रोजगार संबंधी विविध सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय रोजगार सेवा का राष्ट्रीय आजीविका सेवा में रूपांतरण हेतु राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है। ये सेवाएँ राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। आऊटरीच कार्यकलापों के आयोजन के माध्यम से एनसीएस की पहुंच को अधिकतम बनाने के लिए इस परियोजना में, अन्य बातों के साथ-साथ, रोजगार संबंधी सेवाएं वितरित करने के लिए राज्यों और अन्य संस्थानों के सहयोग से आदर्श कैरियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना करना शामिल है। एमसीसी का लक्ष्य रोजगार मेलों का आयोजन करना, नियोक्ताओं को जुटाना, जिला स्तर पर करियर परामर्श आदि प्रदान करना भी है। रोजगार कार्यालयों को परस्पर जोड़ने के घटक के तहत, सरकार राज्य सरकारों को रोजगार मेले आयोजित करने, सूचना प्रौद्योगिकी के उन्नयन और मौजूदा रोजगार कार्यालयों के नवीनीकरण के लिए अनुदान सहायता प्रदान करती है।

कोविड-19 तथा उसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में लॉकडाउन से श्रम बाजार के समक्ष आई चुनौतियों को कम करने के लिए एनसीएस ने कई कदम उठाए हैं जो इस प्रकार हैं:

I. एनसीएस पोर्टल ने बड़े स्तर पर एक ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया जहां पर नौकरी देने से लेकर उम्मीदवार के चयन तक की सारी प्रक्रिया पोर्टल पर ही पूरी की जा सकती है।

II. एनसीएस पोर्टल के होम पृष्ठ पर घर से कार्य करने वाली नौकरियों तथा ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए एक विशेष लिंक डाला गया ताकि रोजगार चाहने वालों की इन रोजगारों तक सीधी पहुंच हो सके।

III. एनसीएस पोर्टल ने रोजगार चाहने वालों के लिए वीडियो प्रोफाइल बनाने की कार्यात्मकता को प्रारंभ किया। रोजगार चाहने वाले 'स्वयं, कौशल तथा रुचि के क्षेत्रों' पर प्रत्येक में 20 सेकेंड्स के तीन वीडियो क्लिप बनाकर अपना एक छोटा-सा विडियो प्रोफाइल बना सकते हैं। इससे नियोक्ता उपयुक्त उम्मीदवार को शॉर्टलिस्ट करने में सक्षम हो जाएगा।

IV. राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) अपने पंजीकृत नौकरी ढूंढने वालों के लिए "आजीविका कौशलों" पर एक मुफ्त, स्वयं-गति ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रदान करता है जो सीखने वालों को सॉफ्ट कौशलों से सुसज्जित करता है।

V. एनसीएस पोर्टल सरकारी भर्ती परीक्षाओं में उम्मीदवारों के अंकों तथा उनकी रैंकिग के सार्वजनिक रूप से प्रकटीकरण के लिए लिंक प्रदान कर रहा है ताकि उन उम्मीदवारों को सार्वजनिक अथवा निजी क्षेत्रों में नौकरी का दूसरा विकल्प मिल सके जिन्हें अंतिम मैरिट सूची में अवसर नहीं मिला। नियोक्ता एनसीएस पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध ऑकड़ों को सार्वजनिक रूप से प्राप्त कर सकते हैं।

*****